तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026



10 वादाखिलाफी के खिलाफ फिर चक्काजाम ...



11 बूटा कटाई से तैयार होते हैं उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ते





**खबर संक्षेप**

### हटरी बाजार में 7 दिनों में 15 चोरियां, लोग परेशान




**भाटापारा।** शहर में चोरों को आतंक मचा हुआ है। खासकर हटरी बाजार, सब्जी बाजार में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। पिछले एक सप्ताह में अज्ञात चोरों ने अलग-अलग 10 स्थानों के साथ-साथ 15 कुल स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें चोरों ने एक ही दुकान को अनेक बार निशाना बनाया। किसान फल दुकान में 32 हजार की चोरी के बाद बुधवार रात्रि को अज्ञात चोर ने पुनः शटर को तोड़ने का प्रयास किया। इसी तरह सोनम आलू भंडार से अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे 3000 रूपये व चांदी का सिक्का तथा 5000 रूपये के नोट पार कर दिया। इसी तरह छोटू पटेल की सब्जी दुकान से 2500 रूपये व चिल्हर को पार कर दिया। चोरों ने शंकर आलू भंडार में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नीबू की दुकान को भी नहीं बक्शा। इसी तरह पुराना बाबूलाल होटल के मालिक राज गुप्ता के करी लाडु दुकान में एक बार 7500 रूपये की चोरी के बाद बीती रात्रि उस दुकान में चोरी की ▸▸ शेष पेज 11 पर

# नगर पंचायत की कार्रवाई से सार्वजनिक स्थानों पर घटी शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा लगातार छापेमारी किए जाने से सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों में दहशत है। विदित हो कि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू द्वारा नगर सभा का आयोजन कर सभी समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों एवं महिला संगठनों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था।

नगर के सार्वजनिक स्थानों सिद्धेश्वर मंदिर परिसर, बालसमुद तालाब, मुक्तिधाम, स्कूल भवन, रंगमंच, सामाजिक भवन एवं चौक-चौराहों जैसे स्थलों पर मांस एवं मदिरा सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसा करते पाए जाने पर आर्थिक जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं घरेलू आयोजनों को छोड़कर चखना दुकानों एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक डिस्पोजल कटोरी, चम्मच एवं पानी पाउच के उपयोग और विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। नगर पंचायत पलारी के कर्मचारियों की टीम लगातार इन प्रतिबंधों की निगरानी कर लोगों को जागरूक करते हुए समझाइश दे रही है।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले दो महीनों में मुनादी, सूचना पत्र एवं आवश्यक बैठकों के माध्यम से सभी लोगों को जानकारी दी जा चुकी है। वर्तमान में सभी नागरिकों को जागरूक ▸▸ शेष पेज 11 पर

## प्लास्टिक डिस्पोजल पर भी लगा प्रतिबंध



### नगर में बढ़ी जागरूकता

सभी समाज प्रमुखों द्वारा भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए सामाजिक सहयोग दिया जा रहा है। सामाजिक कार्यक्रमों के लिए स्टील के बर्तन खरीदे जा रहे हैं तथा शादी समारोह, जन्मोत्सव एवं गृह प्रवेश जैसे कार्यक्रमों में कागज के गिलास एवं कटोरी का उपयोग किया जा रहा है। नगर में ऐसे आयोजनों से पूर्व नगर पंचायत के कर्मचारी आयोजकों को इन प्रतिबंधों की जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं और कार्रवाई से बचने की अपील की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। सभी चखना एवं ठेला संचालकों को खुले रूप से प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पानी पाउच की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आमंत्रण पत्र से नाम गायब होने पर विधायक संदीप ने प्राचार्य को सौंपा रामायण और गुलाब फूल

# कॉलेज के वार्षिकोत्सव में प्रोटोकॉल पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

शासकीय दाऊ बृजलाल महाविद्यालय पलारी में आयोजित वार्षिकोत्सव के आमंत्रण में स्थानीय विधायक संदीप साहू का नाम नहीं होने पर विधायक ने अपने समर्थकों के साथ अनोखा विरोध दर्ज कराकर जनप्रतिनिधियों का अपमान किए जाने का संदेश दिया। महाविद्यालय पलारी में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित भाजपा के अन्य छोटे-बड़े नेताओं के नाम आमंत्रण पत्र में अतिथि के रूप में आमंत्रित थे, लेकिन विधायक संदीप साहू का नाम अतिथि के रूप में नहीं था। इससे कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपमानित और उपेक्षित किए जाने की बात कहकर विधायक ▸▸ शेष पेज 11 पर




### आमंत्रण पत्र में विधायक का नाम न होने पर विरोध

उल्लेखनीय है कि पलारी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के आयोजन में इस बारे जिले के प्रभारी मंत्री श्यामबिहारी अग्रवाल को मुख्य अतिथि और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को कार्यक्रम अध्यक्ष तथा अन्य स्थानीय नेताओं की अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। आमंत्रण पत्र में विधायक का नाम नहीं था जिससे नाराज होकर विधायक व उनके समर्थकों ने नाराजगी दिखाते हुए शालीनता पूर्वक विरोध दर्ज कराकर जनप्रतिनिधि का अपमान और प्रोटोकॉल का पालन करने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ए के उपाध्याय से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव का आयोजन जनभागीदारी समिति के द्वारा आयोजित किया गया है और उन्होंने ही अतिथियों का नाम चयन कर आमंत्रण पत्र छपवाया है। हमारा उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं है।

### राजनीतिक हस्तक्षेप से वार्षिकोत्सव प्रभावित

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव संस्था के प्राचार्य द्वारा किया जाता है और जनभागीदारी समिति के सचिव भी प्राचार्य ही होता है। यदि महाविद्यालय में प्राचार्य होने के बावजूद जनभागीदारी द्वारा कार्यक्रम संचालित हो और प्राचार्य की कोई जवाबदेही ना हो तो यह महाविद्यालय के हित में नहीं है। जानकारी के मुताबिक विधायक संदीप साहू ने इस बारे में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भी अवगत कराया और आपत्ति दर्ज की। वार्षिकोत्सव में प्रभारी मंत्री का आना भी निरस्त हो गया और वो नहीं आये। महाविद्यालय प्रशासन की गंभीर चूक लापरवाही और निरंकुशता के चलते और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण कॉलेज का और छात्र-छात्राओं का ही नुकसान हुआ, जिससे छात्र-छात्राएं मायूस दिखे। राजनीतिक हलकों में विधायक के विरोध के तरीकों की भी खूब चर्चा हो रही है, जो पूरे जिले में प्रचारित हो रही है।

# वृद्धा से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

ग्रामीण क्षेत्र में बीती रात एक 89 वर्ष की वृद्धा के साथ 33 वर्ष के युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल ने बताया कि शिकायत दर्ज होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 64, 64(2)ड 332 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।प्रार्थी द्वारा 26 फरवरी को लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी 89 वर्षीय चलने फिरने में पूर्णतः असमर्थ बुजुर्ग माता के साथ रात के समय, ग्राम मोपका निवासी 33 वर्षीय दीपक टंडन द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके साथ ही उसके द्वारा यह भी बताया गया की रात के समय इससे पहले भी आरोपी द्वारा आकर उसकी माता के साथ गलत काम किया गया है। रिपोर्ट पर धारा 64,64(2)(ड), 332 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में ग्रामीण थाना टी.आई.हेमंत पटेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक टंडन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना करना स्वीकार किया गया कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।






## खबर संक्षेप

### मारुति शोरूम से लगभग ढाई लाख की चोरी

**महासमुंद।** करीब दो महीने पहले मारुति शोरूम महासमुंद में हुई चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि स्पर्श आटो मोबाईल्स प्रा. लिमि. के एचआर मैनेजर रेजी बाबू ने रिपोर्ट लिखी है कि 23.11.2025 को सूचना मिली की स्पर्श आटोमोबाईल महासमुंद बेलसोंडा के कैश काउंटर से नगदी रकम 2,39,355 रुपए चोरी हो गए हैं। जब वह मौके पर पहुंचा तब पता चला कि 22 नवंबर 2025 की शाम 7 बजे टोटल कैश काउंट करके 2,39,355 रुपए को कैशियर मेस सिन्हा द्वारा रखा गया। 23.11.2025 को सुबह 10 बजे ऑफिस खोलने पर देखा गया कि काउंटर में रखी नगदी रकम 2,39,355 रुपए चोरी हो गया है। वहीं कैश केबिन में लगे सीसीटीवी का केबल निकला हुआ मिला और उस रात कंपनी का फ्रंट ऑफिस का डोर खुला हुआ था। घटना का सीसीटीवी फुटेज देखने पर ऑफिस में कैशियर मेस सिन्हा, एडवायजर पीतांबर पटेल, स्पेयर इंचार्ज टिकेश्वर चतुर्वेदी अंत तक मौजूद दिखे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सट्टेबाज युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सट्टेबाजी में लिप्त एक युवक को महासमुंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को 25 फरवरी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराना माल धक्का महासमुंद में अंकों से सट्टा पट्टी लिख रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछकी गई जिस पर संदेही ने अपना नाम केशव राम ध्रुव पिता मनहरण ध्रुव (26 वर्ष) वार्ड नंबर 19 बढ़ईपारा महासमुंद बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके शर्ट के जेब से एक नग डाट पेन व एक नग सट्टा पट्टी जो 1020 रुपए का लिखा गा था और नगद रकम 1380 रुपये व मोबाइल को बरामद किया गया। आरोपी के धारा 6 छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब पिलाने की सुविधा तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आंवराडबरी बोईरगांव कच्ची मार्ग किनारे चखना दुकान में लोगों को अवैध रुप से शराब पीने पिलाने के सुविधा उपलब्ध कराने शंकर ध्रुव पिता दुर्गा ध्रुव (35 वर्ष) संतोषी नगर भीमखोज थाना, आंवराडबरी में साहू के खेत के पास चखना ठेला में लोगों को अवैध रूप से शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने सियाराम गोंड पिता पिलऊ राम गोंड (39 वर्ष) निवासी ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा तथा ग्राम आंवराडबरी में ही कलिंगा के खेत के पास चखना ठेला संचालक तुलाराम नागवंशी पिता बिसरू नागवंशी (30 वर्ष) निवासी ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा के खिलाफ कार्रवाई की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### टीबी मुक्त सत्यापन समिति की हुई बैठक

महासमुंद। जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में टीबी मुक्त पंचायत सत्यापन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने की। इस अवसर पर जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। राव ने कहा कि टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए गांव स्तर पर समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करेंगे तभी हर पंचायत टीबी मुक्त होगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे ने बताया कि वर्तमान में जिला महासमुंद की 305 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। शेष पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से मुक्त करने की योजना बनाई जा रही हैं। बैठक में सी बी नॉट टेस्ट एवं टीबी के संदेह वाले मरीजों की समय पर पहचान, एक्स-रे जांच और इलाज जल्द शुरू करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में जल्द शुरू होने वाले 100 दिन के टीबी अभियान की जानकारी दी गई।

# 392 करोड़ की ऋण वसूली, खुले में रखा है 3.59 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में खरीफ विपणन सीजन के तहत धान खरीदी का कार्य संपन्न होने के बाद अब प्रशासन का पूरा ध्यान ऋण वसूली और धान के उठाव पर केंद्रित है। जिला नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में लिंकिंग और नकद माध्यम से करोड़ों रुपये की वसूली की जा चुकी है, वहीं रबी सीजन के लिए किसानों को खाद-बीज हेतु ऋण वितरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि जिले में किसानों को दिए गए अल्पकालीन कृषि ऋण की वसूली प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। अब तक लिंकिंग के माध्यम से 392 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वसूली की गई है। यह राशि किसानों द्वारा बेचे गए धान के भुगतान से सीधे समायोजित की गई है। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न सहकारी बैंकों में किसानों ने 13 करोड़ रुपये नकद जमा कर अपना कर्ज चुकाया है। वहीं बड़ी मात्रा में धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। मौसम में हो रहे बदलाव और अचानक बारिश की संभावना ने प्रशासन और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। यदि समय रहते इस धान का उठाव नहीं किया गया, तो बारिश में भीगने के कारण धान की गुणवत्ता खराब हो सकती है और शासन को बड़ा आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

## रबी सीजन के लिए खाद बीज और ऋण वितरण का कार्य जारी

### रबी सीजन के लिए 41 करोड़ का वितरण

खरीफ की फसल कटने के बाद अब किसान रबी सीजन की तैयारी में जुट गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जानकारी के अनुसार, अब तक जिले में रबी सीजन हेतु 41 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। इस राशि का उपयोग किसान मुख्य रूप से खाद, उन्नत बीज और खेती के अन्य उपकरणों के लिए कर रहे हैं।




### धान उठाव में देरी बारिश का बना खतरा

एक ओर जहां वित्तीय वसूली के आंकड़े उत्साहजनक हैं, वहीं दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों में रखे धान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में वर्तमान में 3, 59, 941.24 क्विंटल धान अभी भी रखा हुआ है, जिसका उठाव मिलर्स द्वारा किया जाना शेष है।

## तैयारी : पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# रामनवमी मनाने की तैयारी में जुटी शिवसेना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में शिवसेना जिला इकाई की बैठक हुई, जिसमें आगामी समय में जिले में हिन्दू राष्ट्र मोर्चा निकाले जाने तथा रामनवमी उत्सव को सभी शहरों में धूमधाम से मनाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसमें ब्लॉक स्तर पर प्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।



बैठक में प्रदेश महासचिव रेशमलाल जांगड़े, प्रदेश महासचिव एचएन सिंह पालीवार, प्रदेश समन्वयक कृष्णा यादव एवं प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को प्रभार सौंपा गया। बलौदाबाजार शहर अध्यक्ष शैलेश जांगड़े, जिला सचिव खिलेंद्र सेन एवं प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद को दायित्व प्रदान किया गया। भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में रामु यादव, विधानसभा सचिव आत्माराम नेताम एवं विधानसभा महासचिव सनत देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अध्यक्ष टिकाराम पाल, उपाध्यक्ष नेतराम निषाद, कामगार सेना जिला उपाध्यक्ष केशवराम साहू, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी को दायित्व दिया गया। सिमगा शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष खेमराज घिदोड़े, जिला उपाध्यक्ष डुपेश देवांगन, सिमगा ग्रामीण युवा सेना अध्यक्ष भुपेश निषाद एवं उपाध्यक्ष जागेश्वर वर्मा को भी प्रभार सौंपा गया। इसके अलावा सुहेला ब्लॉक अध्यक्ष राजेश्वर जांगड़े, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, जिला सचिव इंद्रजीत साहू, कसडोल विधानसभा अध्यक्ष सुरज घृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. एवन टंडन, पलारी ग्रामीण अध्यक्ष गोकुल साहू, उपाध्यक्ष परमानंद यदु, कसडोल विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश घृतलहरे तथा तिल्दा-नेवरा क्षेत्र का प्रभार दिलीप चतुरे, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव एवं जिला महासचिव ओंकार वर्मा को सौंपा गया।

बैठक में सभी पदाधिकारियों को जनहित के मुद्दों पर ज्ञापन एवं प्रदर्शन करने तथा 15 अप्रैल तक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन विस्तार का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सुरेंद्र यदु, ओमप्रकाश घृतलहरे, पंकज यादव, खुमेंद्र वर्मा, रामायण नेताम, नारायण साहू, नीतेश यादव सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# शिविर में 100 ग्रामीणों ने कराया रक्त परीक्षण



**भाटापारा।** भारत अभियान एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को ग्राम तरेंगा में निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामवासियों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके रक्त समूह की जानकारी प्रदान करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता के प्रति जागरूक बनाना था। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

रक्त समूह जांच कार्य में सहायक प्राध्यापक प्रविन विश्वास एवं उन्नत भारत अभियान की समन्वयक डॉ. पूर्णिमा कौशिक के साथ बी.एड. के प्रशिक्षणार्थियों रोहित, चंद्र प्रकाश, योगेश, कोमल प्रसाद ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सभी के सहयोग से परीक्षण कार्य संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम पंचायत तरेंगा का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालयीन परिवार ने त्रिवेणी साहू सरपंच एवं सतीश कुमार सोनी उपसरपंच का आभार जताया है।

# कर्मचारियों को कैशलैस मेडिकल की सौगात, संघ ने शासन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान बजट में राज्य के समस्त शासकीय कर्मचारियों के लिए मेडिकल कैशलैस की घोषणा की गई है। इस जनकल्याणकारी योजना की घोषणा से समूचे कर्मचारीगण, आश्रित परिजन एवं पेंशनर्स में हर्ष व्याप्त है। एक सुर में समस्त कर्मचारीगण ने कर्मचारी हितैषी उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है।




छत्तीसगढ़ कैशलैस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश संयोजक रमेश नेगी ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को साधुवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा राज्य के समस्त कर्मचारी आश्रित परिजन एवं पेंशनर्स को बढ़ती हुई महंगाई के कारण समुचित इलाज से होने वाली परेशानी,एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति भत्ते में होने वाले अपरिहार्य विलंब से निजात पाने तथा एसईसीएल, बीएसपी सीएसईबी सहित केंद्रीय कर्मचारियों को प्राप्त स्वास्थ्य सुविधा के अनुरूप कैशलैस चिकित्सा के एक सूत्रीय मांग को लेकर संघ अस्तित्व में आया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कर्मचारियों की उक्त मांग को पूर्ण करने पर बलौदाबाजार जिले के समस्त विभागीय साथियों के द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर दीपक सोनी, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर संजय गुहे से आत्मीय भेंट कर तिलक गुलाल लगाकर मुंह मीठा कर खुशियां बांटी।

# संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह के संकुल केन्द्र घिवरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ शाला विकास समिति के अध्यक्ष नीतेश चेलक ने किया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 8 तक विद्यार्थियों ने अपनी सोच और नवाचार का अद्भुत परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट - जलचक्र, सौरऊर्जा, ह्रदय की आंतरिक संरचना, चंद्रग्रहण, बायोगैस, पवनचक्की, ज्वालामुखी, वायुमंडल की परत जैसे मॉडल ने शिक्षकों एवं मुख्य अतिथि का ध्यान आकर्षित किया। विज्ञान के शिक्षक संजय कुमार बंछोर ने कहा कि विज्ञान ही प्रगति का आधार है और इन बच्चों की जिज्ञासा ही भारत के सुनहरे भविष्य की नींव है। शाला के वशिष्ठ शिक्षक चरित कुमार ध्रुव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और बताया कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति कम होती है और व्यवहारिक ज्ञान बढ़ता है। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक हेमकुमारी साहू ने उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। विज्ञान प्रदर्शनी के शुभ अवसर पर शाला के शिक्षक संजय कुमार बंछोर द्वारा प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक के बच्चों को न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को मिठाई, केला, सेब एवं मीठा समोसा खिलाया गया।



### महुआ शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम कलमीझर रोड में मुक्तिधाम के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को तेंदूकोना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कि सूचना मिली थी कि ग्राम कलमीझर रोड मुक्तिधाम के पास पलसापेड़ के नीचे एक व्यक्ति भारी मात्रा में हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब को बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी दिलीप निर्मलकर पिता नैनसिंग निर्मलकर (32 वर्ष) घोंच के कब्जे से करीब 12 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत करीब 2400 रुपए को बरामद किया।

# खरीदी केंद्रों से नहीं हो रहा धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नर्रा

धान खरीदी बंद हुए लगभग महीने बीतने को है। 16 नवंबर से धान खरीदी शुरुआत हुई थी, अब लगभग साढ़े तीन महीने होने जा रहा है, उपार्जन केंद्र में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के आधे हिस्से का उठाव नहीं हो पाया है, क्योंकि उठाव में देरी होने पर धूप से धान सूखत आना स्वभाविक है। इससे समिति प्रबधंकों की चिंता बढ़ गई है। साढ़े तीन महीने में धूप के चलते धान के प्रति कट्टे में ढाई से तीन किलो से अधिक का सूखत आने की संभावना जताई जा रही है। जिसकी भरपाई बाद में प्रभारियों को अपनी जेब या समिति फंड से करनी होगी। धान खुले में पड़े रहने से बारिश व चूहों का खतरा मंडरा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र नर्रा के समिति प्रबंधक नाथूराम कुर्रे ने बताया कि कुल खरीदी 80 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुआ है, जिसमें उठाव मात्र 30 हजार क्विंटल हुआ है और फड़ में शेष धान 50 हजार क्विंटल पड़ा है। इसी तरह उपार्जन केंद्र परसुली प्रभारी राजेश पटेल कहना है कि 14 जनवरी के बाद उठाव के लिए एक भी गाड़ी नहीं लगा है, कुल धान खरीदी 7994.80 क्विंटल हुई है, वहीं उठाव 17325.25 क्विंटल धान की हुई है। 43669.45 क्विंटल धान बाकी है। इसी तरह देवरी सोसायटी के उप केंद्र साल्हेभाठा कुसमी में कुल खरीदी 38 हजार क्विंटल में उठाव मात्र 8 हजार क्विंटल का हुआ है। अभी भी तीस हजार क्विंटल शेष है।



# गिरौदपुरी मेला के सफल संचालन पर सतनामी समाज ने कलेक्टर का जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित गुरु दर्शन एवं संत-समागम मेला के सफल संचालन एवं बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था एवं क्यूआर कोड जारी कर मेला की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने तथा चुस्त-दुरुस्त पुलिस व्यवस्था कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर के रूप में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था एवं सुगमता पूर्वक समस्याओं के त्वरित निराकरण कराने के लिए भी बधाई दी।

- प्रगतिशील छग सतनामी समाज के पदाधिकारी ने साल, श्रीफल भेंट किया

कलेक्टर बलौदाबाजार ने समाज के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सामाजिक जागरूकता पैदा कर प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आगामी वर्षों में और बेहतर व्यवस्था बनाने कहा। प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, महासचिव सुशील बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी गणेश बघेल, मीडिया प्रभारी सहदेव जोशी, संरक्षक नरोत्तम बघेल, उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, कोषाध्यक्ष लेखराम गनहरे, अशोक मांडले पलारी ब्लाक उपाध्यक्ष, मोहरसिंह चतुर्वेदी, डॉ. भीम खुंटे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## गिधौरी सीमा तक सड़क बनाने का जनप्रतिनिधियों ने दिया था आश्वासन

# वादाखिलाफी के खिलाफ फिर चक्काजाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

बलौदाबाजार जिला एवं जांजगीर-चांपा जिला को जोड़ने वाले महानदी शबरी सेतु का रखरखाव नहीं करने, गिधौरी सीमा पार सड़क को लम्बे समय से अनदेखी कर स्थायी एवं टिकाऊ कार्य संबंधित विभाग द्वारा नहीं करने से रोड खराब होने लगा एवं आये दिन जाम की स्थिति बनने लगी जान-माल की हानि होना आम बात होने लगी। इससे नाराज जनमानस को ध्यान में रख कर विधायक कविता प्राण लहरे, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष सोनाखान, विधायक प्रतिनिधि तुलेश्वर वर्मा एवं मोतीराम साहू सहित क्षेत्र के सभी कांग्रेसियों व सर्वदलीय जन प्रतिनिधियों, सरपंचों के सहयोग से 6 घंटे का चक्का जाम कर तत्काल रोड सुधार की मांग की थी, जिसे दोनों जिले के अधिकारी सामंजस्य बना कर 45 दिन के भीतर पक्की सड़क गुणवत्तापूर्ण शबरी पुल सहित बनाने का आश्वासन दिये थे किन्तु आज तक किसी भी प्रकार की स्वीकृति होने या टेंडर नहीं हो पाने से पुनः चक्का जाम करने का माहौल बनने लगा है एवं भाजपा शासन की नाकामी उजागर होने लगी है।



विधायक जी ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से आवाज बुलंद करने की बात कही है। इस संदेश के माध्यम से शासन से अपील की जाती है कि शीघ्र संबंधित विभाग कार्य प्रारंभ करें ताकि कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हों।

### बजट भविष्य निर्माण का रोडमैप है : विजय

**मगरलोड।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट राज्य के समग्र विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।

# लुप्त होने लगी नगाड़ों की आवाज, त्योहार का असर भी नहीं दिख रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही बाजारों में रंग गुलाल और पिचकारियों का माहौल दिखने लगा है। हालांकि त्यौहार को लेकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई है। आधुनिकता के इस दौर में कई त्यौहार ऐसे होते हैं जिसमें पारंपरिक बाजे के बिना हुआ अधूरा सा लगता है। एक ऐसा त्यौहार होली है, जिसमें पारंपरिक बाजार नंगाड़ा की धुन सुन बिना यह त्योहार पूर्ण नहीं होता है। 6 दिनों बाद होली का त्यौहार मनाया जाना है, होली का त्यौहार आने को है, लेकिन माहौल होली के त्योहार को लेकर फीका नजर आ रहा है। न कहीं नगाड़े की थाप सुनाई दे रही है और न कहीं फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। बसंत पंचमी से ही नगाड़ों की थाप की आवाज सुनाई देती थी। लेकिन इस वर्ष अब तक क्षेत्र में नगाड़े बिकना भी शुरू नहीं हुआ है। होली के पखवाड़े भर पहले से ही गांव व शहर में फाग गीत नगाड़ों की धुन के साथ ही सुनाई देती थी, लेकिन इस साल कहीं भी नगाड़े की थाप सुनाई नहीं दे रही है। रंगों का पर्व होली को अब कुछ ही दिन बचे हैं, परंतु गांव से लेकर शहरों तक फागुन का रंग नजर नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि मोहल्लों में नगाड़ों की धूम से लेकर बाजारों में भी रौनक गायब दिखाई दे रही है। होलिका दहन को लेकर युवाओं की तैयारियां भी अभी तक फीकी है।

## गांव-शहरों में नहीं दिख रहा फागुन का रंग





### रंग-गुलाल का बाजार भी फिका, नगाड़े की बिक्री ठप

सार्वजनिक, स्थल चौक, चौराहे में नगाड़ों की थाप सुनाई देता था। अब ऐसा नजर नहीं आ रहा है। भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों का झुकाव कम देखने को मिल रहा है। अभी तक बाजार में न तो और रंग गुलाल की दुकान सजी है न कोई जगह नगाड़े बिक रहे हैं। आधुनिकता के इस दौर पर सब तीज त्यौहार की चमक फीकी पड़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष ने पार्षद के साथ नगरवासियों की सुनी समस्याएं

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 इंदिरा कालोनी नहर पार क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा भ्रमण कर वार्ड में निवासरत लोगों की मूलभूत सेवा एवं सुविधाओं के संबंध में मुलाकात कर जानकारी प्राप्त की गई। वार्ड 4 के पार्षद श्रद्धा मनीष वर्मा की उपस्थिति में वार्ड भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था, पेयजल, एवं लाईट व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर वार्ड भ्रमण करते हुए लोगों से चर्चा की गई। वार्ड में निवासियों द्वारा पेयजल व्यवस्था के संबंध में शिकायत रखी गई, जिसे नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने अभिलंब निराकरण किया जाने वार्ड के नागरिकों को आश्वस्त किया गया, जिस वार्ड वासियों ने संतुष्ट होते हुए समस्या को अति शीघ्र दूर करने के आश्वासन पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया, वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि मनीष वर्मा सहित वार्ड के वरिष्ठ नागरिक भूषण लाल बंजारे, अचल खुटें, मालती यादव, सीमा बंजारे, किरण खुटें, मुन्नी यादव, रमा बंजारे, खुशी बंजारे सहित वार्ड के अन्य नगरीकरण उपस्थित थे।

### बंगोली में क्रिकेट मैच एक मार्च से

**बंगोली।** यहां 1 मार्च से प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 10001 रुपये व कप, द्वितीय 5001 व कप तथा तृतीय लेजेन्ड धमाका 3000 रुपये व कप प्रदान किया जायेगा । यह प्रतियोगिता ग्राम के दानदाताओं के विशेष सहयोग से आयोजित है।

### पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत छात्रों नागेंद्र खूंटे एवं उमेश कुमार चौधरी के वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोजेक्ट को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्व विद्यालय भिलाई द्वारा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में चयनित श्रेष्ठ 3 प्रोजेक्टों में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। 25 फरवरी को विश्वविद्यालय द्वारा भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी भिलाई में आयोजित इंडस्ट्रियल मीट एवं वोकेशनल ट्रेनिंग अवार्ड समारोह में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया।

## उच्च गुणवत्ता संग्रहण एवं ग्रामीण आय वृद्धि पर दिया गया विशेष मार्गदर्शन

# बूटा कटाई से तैयार होते हैं उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कसडोल उपवनमण्डल अंतर्गत परिक्षेत्र देवपुर के प्रशिक्षण केंद्र में तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 के पूर्व शाखकर्तन (बूटा कटाई) संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आगामी संग्रहण सत्र को सुव्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण एवं लक्ष्य उन्मुख बनाना रहा।

शुभारंभ अध्यक्ष बलदेव मैत्री, उपाध्यक्ष गंगोत्री साहू एवं उपवनमंडलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में तेन्दूपत्ता संग्रहण से पूर्व शाखाकर्तन की वैज्ञानिक पद्धति, उसके महत्व एवं लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि बूटा कटाई का कार्य सभी ग्रामों में रिक्त क्षेत्रों, विरल वनक्षेत्रों एवं पगडंडियों के आसपास सावधानीपूर्वक एवं समन्वित रूप से किया जाना आवश्यक है, जिससे उच्च गुणवत्ता के पत्तों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि शाखाकर्तन के पश्चात प्राप्त पत्तों का संग्रहण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा उन्हें उचित गड्डी में बांधकर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ संग्रहकर्ताओं तक पहुंचाने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता आधारित संग्रहण से न केवल लक्ष्य की प्राप्ति होगी, बल्कि ग्रामीण हितग्राहियों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी। कार्यशाला में परिक्षेत्र देवपुर के संतोष पैंकरा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल टीकम सिंह ठाकुर, चंद्रहास ठाकुर सहित अर्जुनी, सोनाखान एवं बलदाकछार परिक्षेत्रों के प्रबंधक, पोषक अधिकारी, फड़ मुंशी, जिला यूनियन बलौदाबाजार के लिपिकगण तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## शाखकर्तन के 40-50 दिनों में प्राप्त होते हैं बेहतर गुणवत्ता के तेंदूपत्ते

**बलौदाबाजार।** सोनबरसा वन विहार केंद्र, बलौदाबाजार में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 हेतु शाखाकर्तन, संग्रहण एवं भंडारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में तेन्दूपत्ता संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार, निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप कार्यों का सुचारू संचालन तथा संग्रहण से लेकर परिवहन एवं गोदामीकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई।कार्यशाला में शाखकर्तन की वैज्ञानिक विधि, उसके दीर्घकालिक लाभ, गुणवत्ता नियंत्रण के मानक तथा गड्डी बंधाई की निर्धारित प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से शाखकर्तन करने पर लगभग 40-50 दिनों के भीतर बेहतर गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं, जिससे संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति के साथ-साथ ग्रामीण हितग्राहियों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित होती है। कार्यशाला में लघु वनोपज अध्यक्ष बलदेव सिंह मैत्री, अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार, उप वनमंडलाधिकारी कसडोल अनील वर्मा, परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार प्रखर नायक, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल सुश्री सिमरन साहू, सुश्री कविता ठाकुर, अनिरुद्ध कश्यप, राहुल उपाध्याय तथा फड़ मुंशी लोकेश देवदास, नेमीचंद कानूजे, राजकुमार ध्रुव एवं कौशल प्रसाद साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

■ सोनबरसा में शाखकर्तन, संग्रहण एवं गोदामीकरण पर आयोजित की गई कार्यशाला





### व्यवस्था के संबंध में दी जानकारी दी

इसके अतिरिक्त फड़ स्तर पर संग्रहण, पत्तों का उपचार, बोरा भराई, सिलाई, परिवहन पास की प्रक्रिया तथा गोदामीकरण की समुचित व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान फड़ मुंशी एवं फड़ अभिरक्षक की भूमिका, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक के दायित्व, भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के पालन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि संग्रहण, भंडारण एवं परिवहन की प्रत्येक प्रक्रिया नियमानुसार एवं समुचित अभिलेखीय संधारण के साथ पूर्ण करना अनिवार्य है।

## संकुल केंद्र पचरी में लगा विज्ञान मेला





**खरोरा।** प्राथमिक शाला मधईपुर में संकुल केंद्र पचरी के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विज्ञान मेला, न्योता भोज तथा कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का वातावरण ज्ञान, उत्साह और भावनाओं से सराबोर रहा। विज्ञान मेले में विज्ञान शिक्षकों द्वारा विभिन्न शैक्षिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों का मन मोह लिया। प्राथमिक विभाग में प्राथमिक विद्यालय मधईपुर ने प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय छड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि माध्यमिक विभाग में माध्यमिक स्कूल पचरी प्रथम तथा माध्यमिक स्कूल कुम्हारी द्वितीय स्थान पर रहे। इसी अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी के व्याख्याता प्रकाश चंद गिलहरे द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में भव्य न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों, ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने विविध स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई।

विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर महरे थे। विशिष्ट अतिथियों में बीआरसीसी देवेंद्र सिंह ठाकुर, नोडल प्राचार्य अशोक कोशले, संकुल समन्वयक कांत कुमार कन्नौजे, मधईपुर सरपंच सुनिता योगेन्द्र सायतोड़े, शाला विकास समिति अध्यक्ष योगेन्द्र सायतोड़े, पंच लक्ष्मी लोमेन्द्र बंजारे, मुन्नी टंडन, बिरेन्द्र सायतोड़े, सत्या मारकंडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति कुर्रे एवं कुमारी मारकंडे, आंगनबाड़ी सहायिका सुनीता सायतोडे, रसोईया आशा सायतोडे, सुरेखा टंडन एवं आशकरण साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राथमिक शाला पथराकुंडी के प्रधान पाठक देव प्रसाद ध्रुव, संकुल केंद्र पचरी के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा, योगेंद्र देवांगन, युधिष्ठिर बुड़ेक, नरेंद्र कुमार साहू, चंद्रशेखर रात्रे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सीएम साय से मिलकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य बजट में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री साय से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारी वर्ग एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

■ बजट में कैशलैस इलाज की सौगात

गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलना एक ऐतिहासिक एवं कर्मचारी हितैषी कदम है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन सरकार के इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करता है तथा आशा करता है कि भविष्य में भी कर्मचारी हितों को इसी प्रकार प्राथमिकता दी जाती रहेगी।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। कैशलैस चिकित्सा सुविधा का लाभ शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारों को मिलेगा। मेडिकल लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण से कर्मचारीगण अपने और अपने परिवार की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर निश्चिंत रहेंगे, जिसका सकारात्मक प्रभाव उनकी कार्य गुणवत्ता पर भी पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल में कमल वर्मा (प्रांतीय संयोजक) सुनील उपाध्याय, जयकुमार साहू, राजेश सिंघी, संतोष कुमार वर्मा, संजीत शर्मा, देवाशीष दास, लोकेश वर्मा, अमित शर्मा, सोनाली तिडके, आकाश त्रिपाठी, जगेश्वर भट्ट, दीपक सोनकर, प्रवीण सिंह एवं निशा यादव उपस्थित थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष शर्मा पिता/पति का नाम विश्वनाथ शर्मा निवासी रायपुर ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील खरोरा द्वारा आवेदित भूमि खसरा नंबर 114/11 रकबा 0.0420 हेक्टेयर के भूमि का सीमांकन/ नक्शा बटांकन न्यायायल तहसीलदार के ज्ञापन/ मामला क्रमांक Q खरोरा दिनांक 13.02.2026 के परिपालन में दिनांक 10.03.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः सीमांकन/ नक्शा से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/ नक्शा बटांकन हेतु नियत तिथि में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
खरोरा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश प्रसाद शर्मा पिता/पति का नाम राजनंदन शर्मा निवासी दुर्ग ग्राम सिर्री प.ह.नं. 48 राजस्व निरीक्षक मंडल खरोरा, तहसील खरोरा द्वारा आवेदित भूमि खसरा नंबर 114/10 रकबा 0.0420 हेक्टेयर के भूमि का सीमांकन/ नक्शा बटांकन न्यायायल तहसीलदार के ज्ञापन/ मामला क्रमांक Q खरोरा दिनांक 13.02.2026 के परिपालन में दिनांक 10.03.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः सीमांकन/ नक्शा से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/ नक्शा बटांकन हेतु नियत तिथि में राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
खरोरा

# आपदा पीड़ित 5 परिवार के लिए 20 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवार के लिए 4 लाख रुपये प्रति परिवार के मान से कुल 20 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं।

जानकारी के अनुसार तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम बोरसी निवासी दानेश्वर साहू पिता विनोद साहू, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम मल्दी निवासी शिव कुमार यदु, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम आमाकोनी निवासी ताराचंद ध्रुव पिता गज्जू ध्रुव, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम ओड़ान निवासी मनोज कुमार ध्रुव पिता नंदकिशोर ध्रुव की पानी में डूबने एवं तहसील लवन अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया निवासी जमुना कैवर्तत्य पिता सम्मेलाल केंवट की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसानो को 4 -4 लाख आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पेज 9 के शेष

### नगर पंचायत की ...

करने, निवेदन करने एवं सहयोग की अपील की जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागीय अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है, जिससे लोगों में जिम्मेदारी का एहसास हो रहा है। नगर के सभी समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा है। यह अभियान नगर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में इस अभियान को और मजबूत किया जाएगा तथा प्रतिबंधों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटेंगे। यह निर्णय पूरे नगरवासियों की सहभागिता से नगर के समग्र हित में लिया गया है।

### हटरी बाजार में...

नियत से घुसने का प्रयास किया और वे शटर खोलने में नाकामयाब रहे।इससे आभास होता है कि चोर लगातार हटरी बाजार को सुरक्षित बाजार मानकर पूरी तरह वहां सकरी है। इन सबके बावजूद, पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गस्त बढ़ायी जाए और अज्ञात चोर को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाए।

### कॉलेज के वार्षिकोत्सव...

विधानसभा सत्र की कार्रवाई छोड़कर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित अपने समर्थकों के साथ बाइक रैली के माध्यम से महाविद्यालय पहुंचे और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर प्राचार्य को गुलाब का फूल और रामचरितमानस भेंटकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान विधायक संदीप साहू ने कहा कि पलारी महाविद्यालय में उनका बार-बार अपमान किया जा रहा है। हर साल महाविद्यालय के कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में मेरा नाम काट दिया जाता है, जबकि मैं 3 लाख से भी अधिक मतदाता वाले विधानसभा में क्षेत्र की जनता ने मुझे विधायक के रूप में चुन कर भेजा है। पलारी महाविद्यालय के आमंत्रण में अतिथि ना बनाना मेरा अपमान नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता का अपमान है।

जबकि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और मेरे महाविद्यालय के प्रतिनिधि ने विधायक को अतिथि के रूप में आमंत्रण पत्र में नाम जोड़ने आग्रह भी किया था, उसके बावजूद महाविद्यालय प्रशासन ने तिरस्कारपूर्ण रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि मैं छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं करना चाहता था, इसलिए अपने साथियों के साथ शांतिपूर्वक आकर प्राचार्य को गुलाब का फुल और रामचरितमानस भेंट किया, ताकि महाविद्यालय प्रबंधन को सदबुद्धि आ जाये और भविष्य में किसी और जनप्रतिनिधियों को अपमानित ना कर सके और प्रोटोकॉल का पालन करना सीख जाये।

इस दौरान विधायक संदीप साहू के साथ आये नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और महाविद्यालय में विधायक के प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने कहा कि मैंने प्राचार्य से इस संबंध में क्षेत्र के विधायक को अतिथि के रूप में शामिल करने का आग्रह किया, लेकिन वो किसके दबाव में आमंत्रण पत्र में विधायक का नाम शामिल नहीं किए वह समझ से परे हैं। इसके पहले भी गतवर्ष इसी तरह विधायक का नाम अतिथि के रूप में शामिल नहीं किया गया था, तब भी विधायक ने आपत्ति दर्ज की थी और प्रोटोकॉल का पालन करने पत्र भी लिखा था, लेकिन हर बार वही गलती सुनियोजित तरीके से दोहराया जाना उचित नहीं है। विधायक संदीप साहू इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं से मिलते हुए उनका कुशल क्षेम पूछा और शुभकामनाएं दी। विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गणेश शंकर जायसवाल, मनीष चंद्राकर, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष ऋषि साहू, पुनीत रजक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्षू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, कुमार धीवर, घनश्याम धीरहे, बीरेन्द्र महेश्वरी, अंकित जोशी, गैंद राम धीवर, योगेश कन्नौजे, अंशु साहू, रिंकू साहू, अजय, साहिल आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
27 फरवरी 2026
SHOW TIME
डार्लिंग प्यार झुकता नहीं दोबारा (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# उद्यम स्थापित कर युवा और महिलाएं बने आत्मनिर्भर

## उद्यमिता को बढ़ावा देने सेल में 12 दिवसीय एमईडीपी प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीएलएल) के संयुक्त तत्वावधान में कसडोल ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेल में 12 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण राज्य में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आयोजित है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तथा मुख्यमंत्री के विकसित छत्तीसगढ़ विजन को साकार करने वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा राज्यभर में उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना तथा उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय चयन की प्रक्रिया परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, पूंजी प्रबंधन विपणन रणनीतियां, डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। वाणिज्य और उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने कहा एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाकर मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करने निरंतर प्रयासरत हैं।



### स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया

महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा यह युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त करियर विकल्प के रूप में अपनाने प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में एलएल राज्य में एम एस एम ए विकास को बढ़ावा देने एवं एक सशक्त एवं सतत उद्यमी पारिस्थिति की तंत्र के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि युवश बंजारे ने प्रतिभागियों को उद्यम के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुनिता वर्मा जिला संयोजक, शारदा वर्मा जिला प्रशिक्षक, श्रीकांत वर्मा, धरम लाल वर्मा, अरविंद कुमार द्विवेदी वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, डॉ. पोषण सिन्हा उद्योग प्रशिक्षक, रागिनी वर्मा, अनीता वर्मा, सेवती वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दिशाहीन और निराशाजनक है राज्य सरकार का बजट



भाटापारा। राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शादाब जालियावाला ने इसे प्रदेश के युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगारों के लिए पूर्णतः दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए किसी भी नई योजना की घोषणा नहीं की गई है। प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा नई भर्ती की आस लगाए बैठे थे, किंतु नए पदों पर भर्ती, शिक्षक भर्ती तथा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती को लेकर सरकार ने कोई स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं किया। यह युवाओं के साथ सीधा अन्याय और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जमीनी कर्मचारियों की अनदेखी रसोइया संघ पिछले कई महीनों से वेतन वृद्धि की जायज मांग कर रहा है, लेकिन बजट में उनके लिए किसी भी प्रकार की राहत या सम्मानजनक निर्णय का अभाव दिखता है।

### जनहितैषी है राज्य सरकार का बजट



सेल। नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को गरीब कल्याण, किसानों की समृद्धि, युवाओं के भविष्य और बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम बताया। बजट में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने किसानों की आय बढ़ाने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए किए गए प्रावधान प्रदेश के मानव संसाधन विकास को नई दिशा देंगे।

### बजट में बुनियादी मुद्दों का कोई रोडमैप नहीं



संडी बंगला। कांग्रेस कमेटी संडी के महामंत्री डॉ. बिसेसर वर्मा ने प्रस्तुत बजट को आम जनता की उम्मीदों पर खरा न उतरने वाला बताया है। उन्होंने कहा बजट सिर्फ आंकड़ों और घोषणाओं का पुलिंदा बनकर रह गया है, जबकि जमीनी सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। बजट में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कोई ठोस और भरोसेमंद योजना नजर नहीं आती। प्रदेश का किसान आज भी खाद-बीज की कमी, सिंचाई सुविधाओं की समस्या और फसल बीमा की अनिश्चितता से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन बुनियादी मुद्दों पर कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है।

## आयोजन : पं. दीनदयाल प्रशिक्षण में संगठन सुदृढ़ीकरण और नवाचार पर जोर

# भाजपा की वैचारिक जड़ और राजनीतिक शक्ति है भारतीय जनसंघ : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला भाजपा कार्यालय में संगठन सुदृढ़ीकरण और नवाचार पर जोर देने पं. दीनदयाल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा थे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने की।

प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, डॉ. राजीव सिंह, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश चंद्राकर, पूर्व सांसद गुहा राम, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक टेसू लाल धुरंधर सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया।

कार्यक्रम में शिव रतन शर्मा ने कहा कि भाजपा 'शून्य से शिखर तक' की यात्रा देश के राजनीतिक इतिहास की एक प्रेरक गाथा है। 1980 में स्थापना के बाद पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। भाजपा की वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ में रही हैं, जिसकी स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को जनता पार्टी से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। 1984 के लोकसभा चुनाव में दो सीटों से शुरू हुई यात्रा आज व्यापक जनसमर्थन तक पहुंची है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के सिद्धांतों पर आधारित बताया।

पूर्व सांसद गुहा राम ने कहा कि आज का समय मोबाइल और आधुनिक तकनीक का युग है, जिसमें सामाजिक सरोकारों को बनाए रखना भी आवश्यक है। वहीं टेसू लाल धुरंधर ने कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ परंपरागत मूल्यों को भी सहेजना जरूरी है।



### अनुभव-आधारित व सिमुलेशन प्रशिक्षण से मिल रही नई दिशा

जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि अनुभव-आधारित और सिमुलेशन प्रशिक्षण, विशेषकर एविएशन, कृषि और खेल जैसे क्षेत्रों में, आधुनिक उपकरणों और वर्चुअल तकनीक के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। इससे प्रशिक्षुओं को जोखिम-मुक्त वातावरण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है।

### व्यक्तिगत शिक्षा पद्धति से गुणवत्ता सुधार और भविष्य के लिए तैयारी

कमलेश चंद्राकर ने कहा कि प्रत्येक छात्र की सीखने की क्षमता और शैली अलग होती है, इसलिए व्यक्तिगत शिक्षा पद्धति समय की मांग है। पूर्व बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि इन नवाचारों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाना और युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

### प्रशिक्षण में नवाचार से सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी

डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण में नवाचार का अर्थ नए विचारों, तकनीकों और विधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित तकनीकों के उपयोग से प्रशिक्षण अधिक सरल, रोचक और परिणामकारी हो गया है। उन्होंने प्रोजेक्ट-आधारित एवं पूछताछ-आधारित शिक्षा पद्धति पर बल देते हुए बताया कि अब शिक्षार्थियों को वास्तविक समस्याओं से जोड़कर समाधान उन्मुख बनाया जा रहा है।

# माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस पर चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम रायपुर के बैनर तले एवं एन आई एमएसएमई हैदराबाद के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण हुआ। चतुर्थ बैच 26, 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लघु वनोपज एवं फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, आधुनिक पैकेजिंग, ब्रांड निर्माण, विपणन रणनीति, गुणवत्ता मानक, एफएसएसएआई लाइसेंस, जीएसटी पंजीयन एवं विभिन्न प्रमाणन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही शासन की ऋण योजनाओं, सब्सिडी प्रावधान, बैंक लोन प्रक्रिया एवं स्वरोजगार के अवसरों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान इच्छुक प्रतिभागियों का उद्यम पंजीयन भी कराया गया।

### ऑनलाइन विपणन के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी

इस प्रशिक्षण में बलौदाबाजार ब्लॉक से 4, भाटापारा से 23, सिमगा से 4 और कसडोल से 4 अभ्यर्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत द्वारा ब्रांडिंग, मार्केटिंग एवं नवीन उत्पाद विकास पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक आनंद शर्मा ने प्रसंस्करण की उन्नत तकनीक, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के उपाय, लेबलिंग मानक, लागत निर्धारण, लाभ विश्लेषण एवं ऑनलाइन विपणन के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

# छग सिख संगठन के प्रदेश संयोजक बने अरूण छाबड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ सिख संगठन की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सिक्ख समाज के समाज सेवी अरूण छाबड़ा बंटी को छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन का प्रदेश संयोजक पुनः बनाया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों ने खुशी जाहिर की है।

इसके अलावा संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, कार्यकारी अध्यक्ष लवली अरोरा, विक्की अरोरा, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, विक्की सलूजा पिथोरा, कोषाध्यक्ष बलजीत सिंह चावला, महासचिव सचिन मोनू सलूजा को सिक्ख समाज के वरिष्ठजनों द्वारा सबको ज़िम्मेदारी दी गई है।

अरूण छाबड़ा बंटी ने कहा समाज ने जिस विश्वास के साथ पुनः जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। सरदार कुलदीप जुनेजा, गुरप्रीत सिंह बाबरा, कुलदीप सिंह चावला, गुरबख्श सिंह छाबड़ा, महेंद्र सिंह छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा हरभगवान छाबड़ा नितिन भंसाली , राजकुमार मल देवेन्द्र भृगु, आलोक मोदी रूपेश मिश्रा कैलाश बालानीं, तंजीव अरोरा, अजयकांत शुक्ला, सुधीर मिश्रा अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, त्रिलोक सिंह सलुजा आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# परमात्मा को पाने मन को मथुरा की तरह पवित्र बनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम गौरखेड़ा के गोसाईं बाबा मंदिर रंगमंच में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के द्वारिका प्रवेश, जरासंध वध और कंस वध के साथ-साथ श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के पावन प्रसंग का वर्णन किया।व्यास गद्दी से पं. शर्मा ने कहा कि हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है।

उन्होंने जोर देकर कहा, यदि परमात्मा को पाना है, तो अपने मन को मथुरा की तरह पवित्र बना लें। जिसका मन निर्मल हो जाता है, भगवान वहीं निवास करते हैं। उन्होंने भक्तों को सीख दी कि ईश्वर पर अटूट विश्वास ही हर संकट से रक्षा का मार्ग प्रशस्त करता है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग आते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते-नाचते कथा पंडाल पहुंचे। बारात के स्वागत के बाद वरमाला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के पैर पखारे, उनकी आरती उतारी और उपहार भेंट किए।



### रुक्मिणी विवाह की अनोखी कथा

कथावाचक ने रुक्मिणी और श्रीकृष्ण के प्रेम की गहराई समझाते हुए बताया कि विदर्भ राज भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बचपन से ही श्रीकृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर उन्हें अपना सर्वस्व मान चुकी थीं। उनकी बुद्धिमत्ता और अटूट प्रेम के कारण ही अंततः उनका विवाह भगवान के साथ संपन्न हुआ, जो प्रेम की एक नई परंपरा का प्रतीक बना।



# प्राथमिक स्कूल में बच्चों को परोसा गया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी में आज कक्षा तीसरी की छात्रा कु. गीतिका के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आओ खुशियाँ बाँटे कार्यक्रम के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीतिका के पिता डागेश्वर साहू द्वारा विद्यालय में केक काटकर बच्चों के साथ खुशियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को खीर और भजिया का वितरण किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और जन्मदिन की खुशियाँ मनाईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू, समस्त स्टाफगण, रसोइया गण एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधान पाठक साहू ने न्योता भोज के आयोजन हेतु डागेश्वर साहू का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायक बताया।

## नई शिक्षा नीति में टीएलएम के बारे दी जानकारी

# विज्ञान मेला और शिक्षक टीएलएम का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुड़ेरा में संकुल स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी में संकुल के समस्त शिक्षकों द्वारा विषय आधारित नवाचारी मॉडल प्रदर्शित किया गया। साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में खोड़स राम वर्मा, नरेश कुमार वर्मा, हिरौंदी साहू, ठाकुर राम देवांगन, संतोषी यादव, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य शिक्षकों द्वारा पर्यावरण, गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत विषयों के विविध शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शित किया गया, जिसमें डी एन ए मॉडल, खनिज संपदा संग्रहण, जोड़ घटाव की गतिविधियां, भाषा गतिविधियों से संबंधित सामग्री विशेष आकर्षण का केंद्र रहा और स्वयं से सीखने की प्रभावी पद्धति को प्रदर्शित किया गया।

संकुल के विद्यार्थियों द्वारा विद्युत चालकता, पवन ऊर्जा, ज्वालामुखी मॉडल इत्यादि विज्ञान संबंधित मॉडल प्रदर्शित किया गया, जो विज्ञान शिक्षण प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाती है। नई शिक्षा नीति और वर्तमान परिदृश्य में टीएलएम के महत्व पर देवेंद्र सिंह ठाकुर, बी आर सी सी तिल्दा, संकुल प्राचार्य सीके वर्मा और सेवानिवृत्त प्रधान पाठक टीआर वर्मा ने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

प्रदर्शन के निर्णायक के रूप में व्याख्याता चांदनी यदुवंशी और मंजू औसर उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन संकुल प्राचार्य सीके वर्मा के मार्गदर्शन और संकुल समन्वयक लखेश्वर वर्मा के निर्देशन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।






